मुख्यालय उत्तर प्रदेश पुलिस तकनीकी सेवायें

महानगर, लखनऊ–226006

पत्रांकः टीएस–सीसीटीएनएस–17/2010 दिनांकःजनवरी 03 , 2018

सेवा में,

श्री भगवान स्वरूप,

सचिव, गृह (पुलिस) अनुसाग–15

उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।

कृपया अपने पत्र संख्या 543(1)क/6–पु0–15–2017 दिनांकित 29.12.2017 का अवलोकन करने का कष्ट करें जिसके द्वारा सखी आशा केन्द्र/वन स्टाफ सेण्टर जो कतिपय 17 जनपदों में स्थापित हैं के कार्यकलापों की संवेदनशीलता को देखते हुए उक्त सेण्टर पर सीसीटीएनएस की व्यवस्था किये जाने के सम्बन्ध में दिनांक 01.01.2018 को अपरान्ह् 05.30 बजे बैठक आहूत की गयी है।

2. उल्लेखनीय है कि प्रस्तावित बैठक में पुलिस अधीक्षक/सहायक निदेशक, उ0प्र0पुलिस कम्प्यूटर केन्द्र एवं तकनीकी टीम के द्वारा बैठक में प्रतिभाग किया गया। बैठक के दौरान प्रकाश में आये बिन्दुओं के सम्बन्ध में निम्नानुसार कार्यवाही की जा सकती है।

- सीसीटीएनएस पोर्टल पर आन–लाइन शिकायत की सुविधा उपलब्ध है, जो गैर–नामजद शिकायत प्राप्त होती है उन्हें स्थानीय पुलिस द्वारा तत्काल ई–एफआईआर के रूप में दर्ज किया जाता है जिसकी सूचना वादी को एसएमएस के माध्यम से प्रदान की जाती है।
- इसी प्रकार जो शिकायतें आन–लाइन नामजद प्राप्त होती हैं उन्हें स्थानीय पुलिस द्वारा जॉचोपरान्त कार्यवाही की जाती है।

- सखी आशा केन्द्र/वन स्टाफ सेण्टर जो कतिपय 17 जनपदों में स्थापित हैं उनपर जो महिलायें शिकायत दर्ज कराने आती हैं जिन प्रकरणों पर एफआईआर दर्ज किये जाने की आवश्यकता है के दृष्टिगत सीसीटीएनएस योजना में कार्यरत फर्म एनआईआईटी (सिस्टम इन्टीग्रेटर) के प्रतिनिधियों से वार्ता की गयी तो उनके द्वारा अवगत कराया गया है कि प्रश्नगत सखी आशा केन्द्रों के लिए साफ्टवेयर में कुछ बदलाव करने के पश्चात आई0डी0 व पासवर्ड प्रदान किये जा सकते हैं ताकि केन्द्रों पर कार्यरत पुलिस अधिकारी/कार्मिक यूजर आई0डी0 एवं पासवर्ड के माध्यम से एफआईआर देख–सकते हैं व वादी महिला को इसका प्रिंट आउट प्रदान कर सकते हैं।

3. उपरोक्त तथ्य सूचनार्थ एवं अग्रेतर कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

3|1

(आशुतोष पाण्डेय)
अपर पुलिस महानिदेशक,
तकनीकी सेवायें, उ0प्र0, लखनऊ

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

1. पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
2. पुलिस महानिदेशक तकनीकी सेवायें, उ0प्र0, लखनऊ।
3. संयुक्त निदेशक, सीसीटीएनएस, एनसीआरबी, नई दिल्ली को उपरोक्त के क्रम में अग्रेतर कार्यवाही हेतु।
4. पुलिस महानिरीक्षक एवं पुलिस महानिदेशक के सहायक, उ0प्र0 लखनऊ को पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 महोदय के संज्ञान हेतु।
5. पुलिस महानिरीक्षक, अपराध, उ0प्र0, लखनऊ को उनके पत्रांक डीजी–सात–एस–3–22/2016 दिनांक 23.12.2017 के क्रम में अग्रेतर कार्यवाही हेतु संलग्नक सहित सूचनार्थ प्रेषित।
6. निदेशक, महिला कल्याण विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
7. पुलिस महानिरीक्षक, महिला, सम्मान प्रकोष्ठ, उ0प्र0, लखनऊ।
8. अनु सचिव, गृह (पुलिस) अनुसाग–06 उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ के पत्र संख्या 1276/पी/छः–पु0–6–17–300–13 2011 दिनांकित 21.12.2107 के क्रम में अग्रेतर कार्यवाही हेतु संलग्नक सहित सूचनार्थ प्रेषित।
9. श्री कृष्ण मुरारी, प्रोग्रामर ग्रेड–2 उत्तर प्रदेश पुलिस कम्प्यूटर केन्द्र, उत्तर प्रदेश लखनऊ।